# आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।
Email-md@idabihar.com , Web-www.idabihar.com, Phone/Fax: 0612-2675933,2675935/2675934


संचिका सं0:– **08/80/TECH/IDA/2022**

## कार्यालय आदेश

आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना द्वारा निर्गत क्रमशः NIT सं0–46/TEN/IDA/22, 51/TEN/IDA/22-Group No-07 एवं 51/TEN/IDA/22-Group No-08 के आलोक में निम्न परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु Baba Debraha Enterprises, 162G, Khesra No.- 2469, Gandhi Nagar, Ashiyana, Patna, Bihar-800025 को कार्य आवंटित किया गया था :–

| Sl. No. | Name of Work | Date of Start of the Project | Agreement No. Date | Agrrement Value (in Rs.) | Date of Completion of project as per Agreement |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Plug & Play Prefabricated Shed at Hajipur Industrial Area, Hajipur, Vaishali | 13.10.2022 | 16/SBD/2022-23 20-10-2022 | 9,45,84,557.04 | 12.04.2023 |
| 02 | Construction of Plug & Play Prefabricated Shed at Hajipur Phase-III | 28.09.2022 | 27/SBD/2022-23 17.11.2022 | 10,83,28,277.17 | 27.03.2023 |
| 03 | Construction of Plug & Play Prefabricated Shed at Hajipur Phase-IV | 28.09.2022 | 28/SBD/2022-23 17.11.2022 | 10,66,13,567.40 | 27.03.2023 |

वर्त्तमान में एकरारनामा की अवधि बीत जाने के पश्चात् भी कार्य की भौतिक प्रगति लगभग 25% है। उपरोक्त सभी कार्यों के संबंध में पूर्व में कार्य की प्रगति को बढ़ाने एवं निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने हेतु प्राधिकार के पत्रांक 3154/Tech दिनांक 20.09.22, 3576/Tech दिनांक 22.10.22, 4854/Tech दिनांक 26.12.22, 4855/Tech दिनांक 26.12.22, 1148/PDA दिनांक 08.02.23, 1185/PDA दिनांक 10.02.23, 1188/PDA दिनांक 10.02.23, 2015/PDA दिनांक 28.03.23, 2281/PDA दिनांक 17.04.23, 2282/PDA दिनांक 17.04.23, 2283/PDA दिनांक 17.04.23, 2403/PDA दिनांक 21.04.23 के माध्यम से साथ ही मौखिक रूप से एवं विभिन्न उच्चस्तरीय बैठकों में बारंबार संवेदक को निर्देशित किया गया था, किन्तु संवेदक द्वारा कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाई गई, जिसके कारण परियोजना का कार्य अब तक बाधित है। ज्ञात हो कि यह योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिस पर उच्च स्तरीय समीक्षा निरंतर की जाती रही है। इसके बावजूद संवेदक का कार्य के प्रति घोर लापरवाही, अक्षमता, शिथिलता एवं अर्कमण्यता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है, जिसके चलते वरीय पदाधिकारी द्वारा समय–समय पर उक्त कार्य की समीक्षात्मक बैठक के दौरान कई बार अप्रसन्नता भी जाहिर की गई है।

उपरोक्त के संबंध में संवेदक को प्राधिकार के पत्रांक 2015/PDA दिनांक 28.03.2023, 2281/PDA दिनांक 17.04.2023, 2282/PDA दिनांक 17.04.2023, 2283/PDA दिनांक 17.04.2023 एवं पत्रांक 2654/Tech दिनांक 06.05.2023 के माध्यम से Baba Debraha Enterprises को उपरोक्त कार्यों हेतु स्पष्टीकरण पत्र निर्गत किया गया था, जिसके आलोक में संवेदक द्वारा दिनांक 10.05.2023 को पत्रांक BDE/23-24/15 दिनांक 09.05.2023 के माध्यम से जवाब दिया गया है, जो कि तथ्य पर आधारित नहीं है एवं प्राधिकार द्वारा अस्वीकृत किया जाता है।

अतः उपरोक्त तथ्यों एवं वस्तुस्थिति के आलोक में एकरारनामा सं0 16/SBD/2022-23, 27/SBD/2022-23 एवं 28/SBD/2022-23 को रद्द करते हुये SBD के Clause-14 के तहत विखंडित, SBD के Clause-14(x)(b) के अनुसार Risk Cost Impose करना तथा Baba Debraha Enterprises, 162 G, Khesra No.- 2469, Gandhi Nagar, Ashiyana, Patna, Bihar-800025 के निबंधन सं0–IDA/16/Class-I/2022 को आई0डी0ए0 निबंधन नियमावली के कंडिका–10(a)(ii) के आलोक में पत्र निर्गत करने की तिथि से 05 वर्षों के लिए कालीकृत किया जाता है एवं संवेदक Baba Debraha Enterprises का सुरक्षित जमा राशि एवं Performance Guarantee & Additional Performance Guarantee को जब्त किया जाता है।

**प्रबंध निदेशक के आदेशानुसार**
(संचिका सं0– 08/80/TECH/IDA/22
दि0–10.05.2023)

ह0/–
निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

ज्ञापांकः– 08/80/TECH/IDA/22 दिनांकः–

प्रतिलिपिः– **Baba Debraha Enterprises**, 162G, Khesra No.- 2469, Gandhi Nagar, Ashiyana, Patna, Bihar-800025/**Baba Debraha Enterprises,** 1629, Gandhinagar, Near Rajeevnagar, Patna- 800 025/**Baba Debraha Enterprises,** 704, Raut City Apartment, Saguna Khagaul Road, Patna- 801 105 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

ज्ञापांकः– 08/80/TECH/IDA/22 दिनांकः–

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव/सचिव, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/योजना एवं विकास विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार/बिहार राज्य पथ विकास निगम लि0/बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0/बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0/बिहार राज्य पथ परिवहन निगम लि0/बिहार स्वास्थ्य सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0/बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि0/बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0/बिहार राज्य पुलिस निर्माण निगम लि0/बिहार राज्य आवास बोर्ड, बिहार, पटना सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/–
निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)

ज्ञापांकः-2721/PDA08/80/TECH/IDA/22 दिनांकः– 11-05-23

प्रतिलिपिः– कम्पयूटर प्रोग्रामर एवं सूचना जन–संपर्क प्राधिकारी, आई0डी0ए0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11.5.23

निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन)